**कार्यालय निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

पृ0संख्याः 272 /इपीडी/एल0एस0डी0/ 2022 दिनॉक 12/10/22

उत्तर प्रदेश शासन, पशुधन अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–2080/सैंतीस–2–2022–1(5)/2022 दिनॉक 12 अक्टूबर, 2022 की प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त अपर निदेशक ग्रेड–2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश।

12/10/22

(डा0 प्रमोद कुमार सिंह)
निदेशक
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र

**LSD / महत्वपूर्ण**

संख्या–2080 / सैंतीस–2–2022–1(5) / 2022

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊ :: दिनांक 12 अक्टूबर, 2022

विषय– लम्पी स्किन डिजीज **(LSD)** के संक्रमण की रोकथाम हेतु (दिनांक 12–10–2022 से 22–10–2022 के मध्य) अभियान चलाकर शत–प्रतिशत गोवंश का टीकाकरण कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि सीमावर्ती राज्यों राजस्थान, हरियाणा आदि से प्रदेश के 31 जनपदों में Lumpy Skin Disease (LSD) का गोवंश में संक्रमण हुआ है। यह एक विषाणुजनित रोग है। इसका प्रसार प्रभावित पशुओं से वेक्टर आदि के माध्यम से अन्य पशुओं में होता है। LSD संक्रमण के प्रसार को रोकने तथा उपचार हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत गाइडलाइन के कम में पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1593/सैंतीस–2–2022, दिनांक 23.08.2022 द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

2– शासनादेश दिनांक 07.09.2022 द्वारा LSD के संक्रमण को पश्चिमांचल तक सीमित रखने एवं प्रदेश के मध्य क्षेत्र एवं पूर्वी क्षेत्र के जनपदों में बीमारी के प्रसार को रोकने हेतु पश्चिमॉचल के प्रभावित जनपदों के मध्य क्षेत्र से लगी हुई सीमा पर 10 कि0 मी0 का इन्यून जोन बनाते हुए सघन टीकाकरण अभियान चलाया गया। अग्रेतर जनपद इटावा से कानपुर नगर तक के जनपदों में 10 कि0 मी0 का द्वितीय इन्यून जोन बनाते हुए सघन टीकाकरण किया गया। शासनादेश दिनांक 21.09.2022 द्वारा प्रदेश के समस्त नगर निगमों के 10 कि0मी0 की परिधि में तथा नगर पालिका व नगर पंचायत (जिला मुख्यालय) के 05 कि0मी0 परिधि में सघन टीकाकरण कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

3– उपर्युक्त प्रयासों/निर्देशों के परिणामस्वरूप दिनांक 11.10.2022 तक पश्चिमांचल के 32 जनपदों में 80 प्रतिशत से अधिक गोवंश में टीकाकरण के साथ–साथ सम्पूर्ण प्रदेश में 1.04 करोड गोवंश का टीकाकरण किया जा चुका है। समस्त प्रदेश में LSD संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने हेतु शतप्रतिशत गोवंश में टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। **इस हेतु दिनांक 22.10.2022 तक 1.50 करोड़ टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अतः शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 12–10–2022 से 22–10–2022 तकं सघन अभियान चलाकर शत प्रतिशत टीकाकरण का कार्य सुनिश्चित कराया जाय।**

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया माइको प्लानिंग एवं सघन अनुश्रवण करते हुए उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( देवेन्द्र कुमार पाण्डेय )
विशेष सचिव।

संख्या–2080(1) / सैंतीस–2–2022 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

( विनोद कुमार द्विवेदी )
उप सचिव।